प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शनिवार                                                            दिनांक 05.07.2025

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः—

- डीएपी खाद की आपूर्ति में कमी के बीच राज्य सरकार ने कहा कि प्रदेश में वैकल्पिक उर्वरकों की कोई कमी नहीं है।
- बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया।
- कल छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न भागों में मोहर्रम श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा।
- मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक—दो स्थानों पर भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी।

<u>खाद भंडारण</u>

डीएपी खाद की आपूर्ति में कमी के बीच राज्य सरकार ने कहा है कि प्रदेश में वैकल्पिक उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। रासायनिक उर्वरकों के भंडारण और उठाव की स्थिति बेहतर बनी हुई है। डीएपी की कमी को पूरा करने के लिए एनपीके, सुपर फास्टफेट और नेनो डीएपी जैसे वैकल्पिक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। सहकारी समितियों के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में अब तक विभिन्न प्रकार के बारह लाख सत्ताईस हजार मीटरिक टन उर्वरकों का भंडारण कर लिया गया है, ताकि खरीफ सीजन में किसानों को समय पर पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध हो सके।

<u>विधानसभा—कार्यशाला</u>

राज्य विधानसभा के परिसर में आज संसदीय रिपोर्टिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही से आमजनों को अवगत कराने में संसदीय पत्रकार बड़ी भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि पत्रकार कड़ी मेहनत से विधानसभा की कार्यवाही को कवर करते हैं, जिससे आमजन यह जान पाते हैं कि विधायकों द्वारा उनके मुद्दों को गंभीरता से उठाया जा रहा है।

वहीं, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने संसदीय पत्रकारिता की महत्ता बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की पच्चीस वर्षों की स्वर्णिम यात्रा में पत्रकारों का योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने कहा कि संसदीय पत्रकारिता अत्यंत संवेदनशील दायित्व है, जो सदन की गोपनीयता, अनुशासन और गरिमा को बनाए रखते हुए जनता तक सटीक और निष्पक्ष जानकारी पहुंचाने का कार्य करती है।

कार्यशाला को नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार समयबद्धता और सजगता के साथ लोकतंत्र के संवाहक होते हैं।

इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप और विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा भी उपस्थित थे।

कार्यशाला को राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी और आई.आई.एम.सी. के पूर्व महानिदेशक संजय द्विवेदी ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री–प्रशिक्षण कार्यक्रम

रायपुर के निमोरा स्थित ठाकुर प्यारेलाल पंचायत और ग्रामीण विकास संस्थान में आज से प्रदेश के सभी जिलों के जिला पंचायत अध्यक्षों और उपाध्यक्षों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। कार्यक्रम का उद्‌घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नवनिर्वाचित अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के लिए लाभकारी साबित होगा।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री तथा ग्रामीण और पंचायत विकास मंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

जीएसटी–बैठक

देशभर में वस्तु और सेवा कर–जीएसटी राजस्व संग्रहण को और अधिक पारदर्शी तथा प्रभावी बनाने के लिए गठित मंत्रियों के समूह की बैठक कल नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बोगस व्यवसायियों पर सख्त कार्रवाई, पंजीयन प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक के प्रयोग और फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट पर रोकथाम के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। श्री चौधरी ने बताया कि कर अपवंचन को रोकने और वास्तविक करदाताओं को सहूलियत देने के लिए छत्तीसगढ़ में डाटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित टूल्स का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई है।

माओवादी मुठभेड़

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया है, जिसका शव बरामद कर लिया गया है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में माओवादियों के बड़े कैडर की उपस्थिति की खुफिया सूचना पर सुरक्षा बलों की टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इस दौरान पहले से घात लगाकर बैठे माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक माओवादी मारा गया। घटनास्थल से हथियार भी बरामद किया गया है।

वन महोत्सव

वन महोत्सव के उपलक्ष्य में ''एक पेड़ भविष्य के लिए लगाएं'' विषय को केन्द्र में रखते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान, रायपुर के आवासीय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक, वैज्ञानिक, प्रशासनिक और वित्त विभाग के अधिकारी–कर्मचारी तथा छात्र–छात्राओं ने सक्रिय भूमिका निभाई तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।

जशप्योर ब्राण्ड

राज्य सरकार ने जशप्योर ब्राण्ड के ट्रेडमार्क को उद्योग विभाग को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय जशप्योर को व्यापक उत्पादन, संस्थागत ब्रांडिंग और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अब जशप्योर की पहुंच देशभर के प्रमुख एयरपोर्ट स्टोर्स पर होगी। रेयर प्लेनेट के साथ हुए समझौते के तहत पहले चरण में पांच एयरपोर्ट्स पर महुआ और अन्य उत्पादों की बिक्री शुरू की जा रही है। इस एमओयू पर हस्ताक्षर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किए गए। यह पहल जशप्योर को राष्ट्रीय उपभोक्ताओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

जशप्योर के प्रमुख उत्पादों में महुआ नेक्टर, महुआ वन्यप्राश, रागी महुआ लड्डु, महुआ कुकीज, महुआ कोकोआ ड्रिंक और कोदो–कुटकी–रागी आधारित पास्ता और ढेकी कुटा चावल शामिल हैं। जशप्योर ब्राण्ड की सबसे खास बात यह है कि यहां नब्बे प्रतिशत से अधिक कर्मचारी आदिवासी महिलाएं हैं, जो उत्पादन से लेकर पैकेजिंग तक हर स्तर पर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

मोहर्रम

कल छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न भागों में मोहर्रम श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। करबला में सत्य और न्याय की रक्षा के लिए पैगम्बर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मुहर्रम मनाया जाता है। इस मौके पर ताजिया निकाले जाते हैं और करबला के शहीदों के सर्वोच्च बलिदान की याद में मजलिसों का आयोजन किया जाता है।

मुहर्रम के मौके पर राजधानी रायपुर सहित राज्य के कई शहरों में कल ताजिये निकाले जाएंगे। रायपुर के कर्बला में हजरत हुसैन की बड़ी कुर्बानी को याद करते हुए मजलिसों यानी धार्मिक बैठकों का आयोजन किया जाएगा।

मौसम

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि गंगेटिक और पश्चिम बंगाल के ऊपर एक चक्रवाती घेरा बना हुआ है। इसके असर से प्रदेशभर में बदली–बारिश की स्थिति बनी हुई है। आज राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। वहीं, कल भी प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

उधर, कोरबा जिले में पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण नदी–नाले उफान पर है। कटघोरा थाना क्षेत्र के कोरबी गांव के पास पुलिया निर्माण स्थल पर काम कर रहा एक युवक पानी के तेज बहाव में बह गया। वह
गेवरा–डोंगरगढ़ के बीच रेलवे ट्रैक बिछाने के काम में लगा हुआ था। चालीस घंटे की तलाशी अभियान के बाद एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ने युवक का शव बरामद किया है। वहीं, करतला ब्लॉक में गेरांव के पास बासाझर्रा स्टाप डैम भी फूट गया है। इससे खेतों में पानी भर गया है।

दलपत सागर–सौंदर्यीकरण

जगदलपुर के ऐतिहासिक दलपत सागर के सौंदर्यीकरण के लिए मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत नौ करोड़ अठासी लाख रूपये की स्वीकृति मिल गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक किरण सिंह देव ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''सरगुजा'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिक्षाविद् और राष्ट्रीय विचारक डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें नमन किया है।
- मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को देवशयनी एकादशी की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मान्यताओं के अनुसार इस दिन से चार्तुमास शुरू होता है।
- दुर्ग जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में आज सुबह दोपहिया वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत हो गई।
- ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने आगामी नौ जुलाई को श्रम संहिता वापस लेने सहित तेईस सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। मंच के संयोजक धर्मराज महापात्र ने कहा है कि इस हड़ताल में बीस करोड़ मजदूर और किसान शामिल होंगे।
- छत्तीसगढ़ अग्निशमन विभाग ने दो सौ पंचानवे रिक्त पदों पर भर्ती के लिए इकतीस जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>